an>

Title: Need to provide wages to labourers working in NCL and other companies in Sonbhadra, Uttar Pradesh at par with the wages being provided by the Government of India.

**श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) :** उपाध्यक्ष जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में स्थापित सरकारी एवं गैर सरकारी कंपनियों में मज़दूरों की दैनिक मज़दूरी में वेतन विसंगति के बारे में बताना चाहता हूँ। राबर्ट्सगंज, कोबरा, रेनुकोट, शक्तिनगर में भारत सरकार की कंपनी एन.सी.एल. में मज़दूरों की दैनिक मज़दूरी करीब 500 से 600 रुपये है, जबकि निजी क्षेत्र की कंपनी तथा राज्य सरकार के द्वारा मात्र 200 से 300 रुपये का भुगतान किया जाता है जो दैनिक मज़दूरों के साथ आर्थिक एवं शारीरिक शोषण है। इस विसंगति को दूर करना अति आवश्यक है क्योंकि अगर विसंगति दूर नहीं होती है तो मज़दूरों में असंतोष पैदा होगा और इससे सबका साथ, सबका विकास नहीं हो सकता। क्योंकि -

"श्रम की शक्ति, श्रम का मान, कीमत दोनों एक समान,

देश के लिए करेंगे काम, काम का लेंगे पूरा दाम।"

अतः मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि एक ऐसी नीति बनाई जाए जिसमें सरकारी एवं गैर सरकारी कंपनियों में मज़दूरों को एक समान वेतन मिल सके।